Regarding stoppage of trains at Sonepat Railway Junction, Haryana- laid

श्री सतपाल ब्रह्मचारी **(सोनीपत) :** सोनीपत जंक्शन पर निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव किया जाए:-

1. गाड़ी संख्या 22429-दिल्ली-पठानकोट एक्सप्रेस

2. गाड़ी संख्या 20807/20808-हीराकुंड एक्सप्रेस (साप्ताहिक)

3. गाड़ी संख्या 22455/22456-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस (साप्ताहिक)

4. ट्रेन न. 11905/11906,12715/12716,12445/12446 तथा 12413/12414

यह भी अवगत कराना है कि उत्तर रेलवे की उपरोक्त संस्तुतियां वर्तमान में रेलवे बोर्ड के सबंधित कोचिंग निदेशालय में विधाराधीन हैं । सोनीपत एवं आसपास के क्षेत्र की जनता की दीर्घकालिक और जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण मांग को ध्यान में रखते हुए आपसे विन्रम अनुरोध है कि कृपया संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान कर उक्त संस्तुतियों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें, जिससे क्षेत्र के यात्रियों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं तीर्थयात्रियों को विशेष लाभ मिल सके । मैं सरकार का ध्यान हरियाणा राज्य के सोनीपत जिले में सोनीपतगोहाना के बीच बिछाई जा रही/बिछ चुकी ब्रॉड गेज (बीजी) रेलवे लाइन के कारण उत्पन्न एक गंभीर स्थानीय समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । उक्त रेलवे लाइन के निर्माण के कारण हुल्लाहेरी एवं खिजरपुर जाट माजरा गांवों की कृषि भूमि के बीच पारंपरिक आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है । सोनीपतगोहाना बीजी रेलवे लाइन के अंतर्गत हुल्लाहेरी एवं खिजरपुर जाट माजरा गांवों की कृषि भूमि के बीच संपर्क पुनः स्थापित करने हेतु शीघ्र सबवे/अंडरपास के निर्माण का प्रावधान किया जाए ।